अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# लामडिंग दर्पण

## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल



वर्ष 6 | अंक 22 | अप्रैल-जून 2015

### मंडल रेल प्रबंधक का संदेश

पूर्वोत्तर सीमा रेल का लामडिंग मंडल रेल परिवहन और यात्री सेवा को हर दृष्टि से बेहतर बनाने के साथ-साथ कला-संस्कृति, खेल प्रतिस्पर्धा तथा अन्य कार्यक्रम के आयोजन में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। मंडल को पहली बार 13 अप्रैल 2015 को राष्ट्रीय रेल सप्ताह समारोह के आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसे हमने बखूबी निभाया। क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित रेल सप्ताह समारोह में मंडल को कई महत्वपूर्ण पुरस्कार प्रदान किए गए। मंडल स्तर पर रेलवे इंस्टीट्यूट, लामडिंग में रेल सप्ताह समारोह का सफल आयोजन किया गया जिसमें वर्ष 2014-15 के दौरान उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवा प्रदान करने वाले मंडल के रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उत्साहवर्धन हेतु नकद पुरस्कार तथा योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

निर्धारित समयानुसार संरक्षित रेल यात्रा प्रदान कर अर्जन में लगातार वृद्धि करने हेतु मंडल सतत प्रयत्नशील है। डीजल शेड तथा कोचिंग डिपो अपने रूटीन कार्य के अलावा नित्य नए फिक्चर बनाकर कार्य में सुगमता लाने के साथ-साथ मानव शक्ति व समय के बचत में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

मंडल के प्रमुख गतिविधियों की जानकारी 'लामडिंग दर्पण' के माध्यम से आप तक पहुँचाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। मंडल की तिमाही हिंदी पत्रिका रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी के प्रयोग-प्रसार की प्रेरणा देती हुई अपने लक्ष्य की ओर निर्बाध गति से अग्रसर है। पत्रिका के नियमित प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं।

**मंडल रेल प्रबंधक**

### गुवाहाटी में 60 वां राष्ट्रीय रेल सप्ताह समारोह

पूर्वोत्तर क्षेत्र में पहली बार लामडिंग मंडल द्वारा मुख्यालय मालीगॉव के समन्वय से 60वां राष्ट्रीय रेल सप्ताह समारोह का आयोजन 13 अप्रैल 2015 को आईआईटी गुवाहाटी में किया गया। समारोह में माननीय रेल मंत्री, माननीय रेल राज्य मंत्री, अध्यक्ष रेलवे बोर्ड, रेलवे बोर्ड के सदस्यों और सचिवों ने भाग लिया। समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी ने मंडल की सराहना की।




गुवाहाटी में आयोजित 60वें रेल सप्ताह राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में माननीय रेल मंत्री, रेल राज्य मंत्री तथा अध्यक्ष रेलवे बोर्ड।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

पूर्वोत्तर सीमा रेल के लामडिंग मंडल ने भी पूरे विश्व के साथ 21 जून 2015 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का पालन किया। इस अवसर पर प्रातः 06.30 बजे रेलवे इंस्टीट्यूट, लामडिंग के सभागार में मंडल रेल प्रबंधक, श्री नीरज कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर योग शिविर का शुभारंभ किया गया। योग प्राचीन भारतीय परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। आज, योग दुनिया भर में केवल अपने निवारक और प्रोत्साहक भूमिका के लिए ही नहीं बल्कि जीवन शैली से संबंधित रोगों और विकारों के प्रबंधन में भी लोकप्रिय है। खासकर यह मानसिक और भावनात्मक तनाव के प्रबंधन में लाभकारी है। इसलिए आज योग दुनिया भर में स्वस्थ जीवन शैली के अभिन्न हिस्से के रूप में अभ्यास किया जा रहा है।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शिविर को संबोधित करते हुए श्री नीरज कुमार, मंडल रेल प्रबंधक साथ में श्री संजय नैय्यर, अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा मंडल कार्मिक अधिकारी/प्रभारी/लामडिंग।

योगाभ्यास शिविर में मंडल रेल प्रबंधक, श्री नीरज कुमार सहित अपर मंडल रेल प्रबंधक, श्री संजय नैय्यर तथा मंडल के सभी अधिकारियों और लगभग 150 कर्मचारियों ने भाग लिया।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रेलवे इंस्टीट्यूट, लामडिंग में आयोजित योग शिविर में योगाभ्यास करते हुए मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी।

## रेल यात्री उपभोक्ता पखवाड़ा

मंडल में 26 मई से 9 जून 2015 तक 'रेल यात्री उपभोक्ता पखवाड़ा' का पालन किया गया। यह पखवाड़ा यात्री सुविधाओं, ग्राहक सेवा और संतुष्टिकरण तथा भारतीय रेल की उपलब्धियों के बारे में जागरूकता पर केंद्रीत था।

श्री दयानंद झा, अपर महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने 26 मई 2015 को गुवाहाटी रेलवे स्टेशन परिसर में दीप प्रज्वलित कर रेल यात्री उपभोक्ता पखवाड़ा का विधिवत् उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर श्री नीरज कुमार, मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग और मुख्यालय तथा मंडल के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थिति थे।




गुवाहाटी स्टेशन पर 'रेल यात्री उपभोक्ता पखवाड़ा' का शुभारंभ करते हुए श्री दयानंद झा, अपर महाप्रबंधक, पू.सी.रेल ।

इस दौरान श्री दयानंद झा, अपर महाप्रबंधक ने एक प्रेस सम्मेलन को संबोधित किया। साथ ही उन्होंने स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाएं तथा स्टॉलों में भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया और ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने का निदेश दिए।

लामडिंग में 26 मई 2015 को श्री संजय नैय्यर, अपर मंडल रेल प्रबंधक ने मंडल के अन्य शाखा अधिकारियों के साथ इस पखवाड़ा का शुभारंभ किया।



लामडिंग स्टेशन पर रेल यात्री उपभोक्ता पखवाड़ा शुभारंभ करने का दृश्य।

'रेल यात्री उपभोक्ता पखवाड़ा' के दौरान मंडल रेल प्रबंधक और अपर मंडल रेल प्रबंधक ने मंडल के अधिकारियों के साथ विभिन्न सवारी, मेल तथा एक्सप्रेस गाड़ियों सहित गुवाहाटी, नगांव, हयबरगॉव, चापरमुख, दीफु, कामाख्या, डिमापुर आदि स्टेशनों का निरीक्षण कर समय-पाबंदी, साफ-सफाई, खानपान, संरक्षा, सुरक्षा आदि को दुरूस्त करने पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों के साथ बातचीत की, उनकी शिकायतों को सुना और रेलवे द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न प्रकार की सुविधाओं के बारे में उन्हें अवगत कराया।

'रेल यात्री उपभोक्ता पखवाड़ा' के दौरान मंडल रेल प्रबंधक, श्री नीरज कुमार ने प्रेस और मिडिया को भी संबोधित किया।




दीफु स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग, श्री नीरज कुमार, असम के कार्बी आंगलंग जिला के उपायुक्त तथा प्रेस व मिडिया कर्मियों के साथ ।

इस दौरान जागीरोड, चापरमुख और माईबांग स्टेशनों में 3 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। कर्मचारियों के कल्याण हेतु लामडिंग में सात दिवसीय एक योग शिविर का आयोजन किया गया।

## रेलवे बोर्ड के पदाधिकारियों द्वारा लामडिंग मंडल का दौरा

'रेल यात्री उपभोक्ता पखवाड़ा' के दौरान रेलवे बोर्ड के पदाधिकारियों ने लामडिंग मंडल का दौरा कर यात्री सुख-साधन, ग्राहक-सेवा तथा स्वच्छता आदि विभिन्न मदों का जायजा लिया और सम्मानित ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने हेतु महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिए। श्री विवेक कुमार, कार्यपालक निदेशक (यांत्रिक)/ट्रैक्शन, रेलवे बोर्ड ने 27 मई से 29 मई 2015 तक अगरतला स्टेशन का निरीक्षण किया।




अगरतला स्टेशन का निरीक्षण करते हुए श्री विवेक कुमार, कार्यपालक निदेशक (यांत्रिक)/ट्रैक्शन, रेलवे बोर्ड तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण।

श्रीमती नीभा सिंह, कार्यकारी निदेशक (वित्त व्यय) ने 27 से 31 मई 2015 तक कामाख्या स्टेशन का दौरा कर यात्रियों, वाणिज्य और उद्योग, राज्य सरकार के अधिकारियों और मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने शिलांग का दौरा कर यात्री आरक्षण प्रणाली कार्यालय का निरीक्षण किया।

मेडम यू. हाजरिका, कार्यकारी निदेशक (सी एंड आईएस) ने अपर मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग और गुवाहाटी-मालीगॉव क्षेत्र के सभी शाखा अधिकारियों के साथ 4 जून 2015 को गुवाहाटी स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने 5 जून 2015 को पैसेंजर एसोसिएशन और चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ एक बैठक की।

## रेल सप्ताह समारोह - लामडिंग मंडल

मंडल में 21 अप्रैल 2015 को 60वां रेल सप्ताह समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। मंडल रेल प्रबंधक, श्री नीरज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।



मंडल स्तर पर 60वां रेल सप्ताह समारोह का शुभारंभ करते हुए श्री नीरज कुमार, मंडल रेल प्रबंधक साथ में श्री संजय नैय्यर, अपर मंडल रेल प्रबंधक।

समारोह में रेल कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मंगल-गान, समूह नृत्य, लोक नृत्य, बिहुगीत, गजल, भजन आदि प्रस्तुत किए गए। समारोह में प्रस्तुत सभी कार्यक्रम आकर्षक, मनभावन तथा मनोरंजन प्रधान थे।




60वां रेल सप्ताह समारोह में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम का एक दृश्य।

कार्यक्रम के दौरान मंडल में वर्ष 2014-15 के दौरान उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवा प्रदान करने वाले 99 रेल कर्मचारियों को व्यक्तिगत नकद पुरस्कार और 17 ग्रुपों को सामूहिक पुरस्कार तथा योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



मंडल में आयोजित 60वां रेल सप्ताह समारोह में नकद पुरस्कार तथा योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री नीरज कुमार।

## प्रथम बैच कांस्टेबल रंगरूटों की पासिंग आउट परेड

प्रथम बटालियन रेल सुरक्षा विशेष बल, लामडिंग ने 15 जून 2015 को पहली बार पासिंग आउट परेड समारोह का आयोजन किया। 189 कांस्टेबल रंगरूट 7 महीने के पाठ्यक्रम प्रशिक्षण के लिए रिपोर्ट किए थे और सभी ने सफलतापूर्वक अपना प्रशिक्षण पूरा किया।



प्रथम बटालियन रेल सुरक्षा विशेष बल, के केडेट को प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए श्री नीरज कुमार, मंडल रेल प्रबंधक साथ में श्री पी.वी.एस,शांथाराम, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, लामडिंग।

पासिंग आउट परेड के दौरान मंडल रेल प्रबंधक, अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा अन्य शाखा अधिकारियों और उनके परिजनों ने इस अवसर पर उपस्थित होकर परेड की शोभा बढ़ाई। शाम में मास ड्रिल, टैटू शो और सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। श्री पी.वी. एस.शांथाराम, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, लामडिंग के मार्गदर्शन और नेतृत्व में संपूर्ण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।



प्रथम बटालियन रेल सुरक्षा विशेष बल, लामडिंग के पासिंग आउट परेड में उपस्थित अधिकारीगण तथा रेल सुरक्षा विशेष बल के जवानों का एक दृश्य।

## पू. सी. रेल के अधिकारियों का द्वितीय वार्षिक खेल स्पर्धा

रेल ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा 19 से 21 जून, 2015 तक अधिकारियों का द्वितीय वार्षिक खेल स्पर्धा मालीगाँव में आयोजित किया गया। महाप्रबंधक, पू.सी.रेल, मालीगाँव, श्री आर. एस. विर्दी ने 19 जून 2015 को खेल स्पर्धा का उद्घाटन किया। 19 जून 2015 को लुइतगढ़ अधिकारी क्लब के सभागार में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यालय, निर्माण संगठन और मंडल के अधिकारियों और उनके परिजनों ने सांस्कृतिक संध्या में सक्रिय रुप से भाग लिया। लामडिंग मंडल ने एक व्यंग नाटिका 'गणतंत्र का उपहास' का मंचन किया, जिसकी दर्शकों द्वारा सराहना की गई।

लामडिंग दर्पण

वर्ष 6 | अंक 22 | अप्रैल-जून 2015

## महाप्रबंधक, मालीगाँव द्वारा निरीक्षण

18 अप्रैल 2015 को श्री आर. एस. विर्दी, महाप्रबंधक पूर्वोत्तर सीमा रेल ने अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड के साथ लामडिंग-बदरपुर-सिलचर सेक्शन का निरीक्षण किया। मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यगक्षों और मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग तथा मंडल के शाखा अधिकारी निरीक्षण के दौरान उनके साथ थे। निरीक्षण के दौरान निर्माण संगठन का प्रतिनिधित्व मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण-।।। और उनके टीम के अधिकारियों के किया।

## अंतर रेलवे संरक्षा ऑडिट निरीक्षण

रेलवे बोर्ड के दिशा निदेशों के अनुसार पूर्व रेलवे की एक संरक्षा ऑडिट टीम जिसमें पूर्व रेलवे के सीएसओ, सीटीपीएम, सीआरएसई, सीएसई, सीटीई और सीईटीई शामिल थे, ने पूर्वी और पूर्वोत्तर सीमा रेल के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने के लिए 18 और 19 मई 2015 को गुवाहाटी, न्यू गुवाहाटी तथा लामडिंग का विस्तृत निरीक्षण किया। गाड़ी संचालन, ट्रैक के रख-रखाव और एस एंड टी गियर से संबंधित महत्वपूर्ण संरक्षा मदों पर बल देते हुए संरक्षा टीम ने गुवाहाटी-लामडिंग सेक्शन का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भी किया।



अंतर रेलवे संरक्षा ऑडिट टीम द्वारा मंडल के गुवाहाटी क्षेत्र रेलपथ के रख-रखाव और महत्वपूर्ण संरक्षा मदों के निरीक्षण का दृश्य।

## रेलवे संरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व और पूर्वोत्तर सर्किल, कोलकाता द्वारा हाफलांग-बदरपुर-सिलचर, नए सेक्शन के आमान परिवर्तन कार्य का निरीक्षण

श्री एस. नाइक, रेलवे संरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व और पूर्वोत्तर सर्किल, कोलकाता ने 22 और 23 जून 2015 को न्यू हाफलांग-बदरपुर-सिलचर आमान परिवर्तन कार्य का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग तथा सेक्शन के शाखा अधिकारी रेलवे संरक्षा आयुक्त के साथ थे। निरीक्षण में निर्माण संगठन का प्रतिनिधित्व मुख्य प्रशासनिक अधिकारी-।।। और अधिकारियों की उनकी टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान सेक्शन में मोटर ट्रॉली निरीक्षण के साथ-साथ एक स्पीड ट्रॉयल भी किया गया।

## भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 124वीं जयंती

मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय परिसर में 16 अप्रैल 2015 को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 124वीं जयंती समारोहपूर्वक पालन किया गया। मंडल के अधिकारियों/ कर्मचारियों सहित हमारे संगठित यूनियनों तथा अनुसूचित जाति एवं जन जाति संगठन के प्रतिनिधियों ने इस महान नेता को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री नीरज कुमार तथा मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण।

## हिंदी कार्यशाला का आयोजन

हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मचारियों को हिंदी में काम करने के दौरान उनकी झिझक को दूर करने के उद्देश्य से मंडल मुख्यालय तथा बाहर स्थित कार्यालयों/स्टेशनों में प्रति वर्ष हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। अप्रैल-जून 2015 की अवधि में कुल 3 हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन कर 47 कर्मचारियों को हिंदी में काम करने का अभ्यास करवाया गया।



मंडल मुख्यालय में आयोजित हिंदी कार्यशाला में व्याख्यान देते हुए मंडल कार्मिक अधिकारी/प्रभारी/लामडिंग।

## आतंकवाद विरोधी दिवस का पालन

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन के सामने 21 मई 2015 को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने आतंकवाद और हिंसा से दूर रहने की शपथ ली।

**संरक्षक**
नीरज कुमार
मंडल रेल प्रबंधक

**मुख्य संपादक**
संजय नैय्यर
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

**संपादन एवं सहयोग**
एस. कनौजिया
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय

आर.के.कोईरी
राजभाषा अधिकारी